पत्रिका

नकली दवा फैक्ट्री पकड़ी : आयुष मंत्रालय की टीम की छापेमारी से हड़कंप, एक करोड़ की नगदी भी बरामद

Fake Drug Factory Busted : केंद्रीय आयुष मंत्रालय की टीम की छापेमारी के दौरान देहरादून में फर्जी आयुर्वेदिक क्लीनिक और अवैध दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़ होने से हड़कंप मचा हुआ है। एक शिकायत पर शुक्रवार को देहरादून सहस्रधारा रोड स्थित 'त्रिफला हर्बल सेंटर' के संचालक के आवास पर औषधि निरीक्षकों की टीम ने आयुर्वेद विभाग के ड्रग कंट्रोलर केएस नपल्च्याल के नेतृत्व में छापा मारा। छापेमारी में पाया गया कि क्लीनिक संचालक खुद को पंजीकृत चिकित्सक के रूप में प्रचारित कर रहा था। उसके पास आयुष पद्धति (आयुर्वेद, यूनानी या होम्योपैथी) में कोई भी डिग्री नहीं थी। वह एक्यूप्रेशर के पैड का उपयोग कर मधुमेह और ब्लड प्रेशर जैसे गंभीर रोगों के लिए चिकित्सा परामर्श दे रहा था। इस दौरान टीम ने मौके से नकली दवा फैक्ट्री भी पकड़ी। फैक्ट्री से करोड़ों की नकली दवाएं जब्त की गई हैं। फैक्ट्री संचालक देश भर में पांच साल से भी अधिक समय से अवैध रूप से मिलावटी दवाएं सप्लाई कर रहा था। जांच टीम ने कई दवाओं के सैंपल भी भरे। आशंका जताई जा रही है कि इनमें अन्य पैथी की दवाओं की मिलावट हो सकती है। राज्य आयुर्वेद विभाग की टीम ने सभी संदिग्ध दवाओं और दस्तावेजों को सीज किया।

Source: https://www.patrika.com/dehradun-2/fake-drug-factory-busted-ayush-ministry-team-raids-seizes-rs-1-crore-in-cash-20368844